



नवभारत

भोपाल, गुरुवार 21 अगस्त, 2025


# स्कूल भवन के पास गिरी बिजली

## सीसी भवन का वेंटिलेटर क्षतिग्रस्त, शिक्षा अधिकारियों ने सूचना पर मौके का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सागर 20 अगस्त. बरौदिया कलां नगर परिषद के शासकीय माध्यमिक शाला दरी के भवन के पास आकाशीय बिजली गिरने से विद्यालय के ऑफिस का वेंटिलेटर क्षतिग्रस्त हो गया.**

मिली जानकारी के अनुसार उस वेंटिलेटर का मलवा गिट्टी सीमेंट आदि ऑफिस में बिखर गया किसी भी छात्र/ छात्राओं को कोई नुकसान नहीं हुआ है. परंतु छात्र बिजली की गर्जना से एवं गिरने से घबरा गए. इसकी सूचना संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरौदिया कलां में मिलने पर तुरंत संकुल केंद्र प्रभारी बी एस लोधी मौके पर पहुंचे. सभी शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं की जानकारी लेकर पंचनामा बनवाया गया जिसमें किसी भी प्रकार की क्षति नहीं हुई है, उसी समय बी.आर.सी विजय सिंह भी मौके पर पहुंचे. तत्काल छात्रों को शासकीय प्राथमिक शाला दरी में एक दिन के लिए शिफ्ट किए गया है. मिली जानकारी के अनुसार भवन पूर्णतः सुरक्षित है, इसी समय वार्डवासी एकत्रित होकर आकाशीय बिजली की जानकारी दी गई. इस अवसर जनशिक्षक पंजाबराव भटनाकर, अभिषेक सिंह ठाकुर, वंदना कटारे, थोवन पटेल, रामविलास साहू, रोहित लोधी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे.



## बंडा में बिजली गिरी, एक मृत, दो हुए घायल

**बंडा.** कृषि उपज मंडी में तेज बारिश में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई वही दो अन्य घायल हो गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम हममाली का कार्य करने वाले अंगद पिता जुझारु सिंह लोधी उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 हाथ पैर धो कर घर जाने तो तैयार थे. उसी दौरान तेज बारिश में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली अंगत के ऊपर गिरी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. उसके साथ ही चल रहे जय कुमार अहिरवार वार्ड क्रमांक 6 एवं आकाश घायल हो गए जिन्हें बंडा के सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उनका इलाज यारी है.

## 54 लीटर शराब जब्त

**सागर.** पुलिस चौकी मंडी बामौरा, थाना आगासौद पुलिस द्वारा 54 लीटर अंग्रेजी शराब सहित कार जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसडीओपी बीना नीतेष पटेल एवं थाना प्रभारी आगासौद निरीक्षक नितिन पाल के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर ग्राम गौहर के पास मारुति स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 15 सीए 4601 को रोककर तलाशी ली गई. तलाशी में कार की डिक्की से 6 पेटी अंग्रेजी शराब (कुल 54 लीटर, विभिन्न ब्रांड) कीमत ?48,600/- जप्त की गई. साथ ही उक्त कार जिसकी कीमत लगभग 1,00,000/- आंकी गई है, भी जप्त की गई. मौके से आरोपी अंकित राजपूत निवासी मनोरमा वार्ड, बीना को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है.

# भू-अर्जन प्रकरणों में मुआवजा राशि का भुगतान समय पर और पारदर्शिता के साथ

नवभारत न्यूज

**सागर 20 अगस्त. कलेक्टर संदीप जी.आर ने भू-अर्जन शाखा का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे भू-अर्जन प्रकरणों का समय पर निराकरण करें.**

उन्होंने जोर दिया कि इन प्रकरणों में नियम और प्रक्रिया का गंभीरता से पालन किया जाना चाहिए. कलेक्टर ने कहा कि भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से और तेजी से निपटाया जाए और सुनिश्चित किया जाए कि सभी आवश्यक दस्तावेज अद्यतन और व्यवस्थित हों. कलेक्टर ने कहा कि भू-अर्जन प्रकरणों में मुआवजा राशि का भुगतान समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए इस हेतु लगातार कार्य किया जाए. उन्होंने निर्देश दिए कि मुआवजा राशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी या अनियमितता नहीं होनी चाहिए. मुआवजा राशि के भुगतान के दौरान सभी आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का पालन किया जाना चाहिए तथा मुआवजा का वितरण पूरी पारदर्शिता एवं शुद्धता के साथ किया जाए.



कलेक्टर ने कहा कि मुआवजा राशि के वितरण में अनावश्यक देरी अथवा लापरवाही बरतने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उल्दन/बंडा परियोजना, जेरा परियोजना, आपचंद मध्यम परियोजना, हनौता सिंचाई परियोजना, वीरांगना रानीदुर्गा टाइगर रिजर्व परियोजना समेत अन्य परियोजनाओं हेतु जानकारी प्राप्त की.

## एक नजर में



### सद्भावना दिवस पर शपथ दिलाई गई

**राहतगढ़.** शासकीय महाविद्यालय में सद्भावना दिवस पर प्राचार्य डॉ. चंदन सिंह सागर के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया. विद्यार्थियों ने सद्भावना की शपथ ली. इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी डॉ भरत पटेल, डॉ श्रीकांत रिंगे, डॉ अपर्णा दुबे, निधि नगाइच, शिरोमणि मिश्रा, सन्दीप जैन, अनीता मालवीय, रश्मि जैन, दीपशिखा नेमा, कुंदन लाल पटेल, ममता रैकवार, अनिल अहिरवार, संजय पटेल, अजय पटेल,वीलखन पटेल, रामू बाल्मीकि मौजूद थे.




### कूडो प्रतियोगिता में एपीएस ओवरऑल चैंपियन

**सागर.** जिला कूडो संघ द्वारा जिला स्तरीय कूडो प्रतियोगिता का आयोजन आर्मी पब्लिक स्कूल में किया गया. समारोह में मुख्य अतिथि प्राचार्या ज्योति दुबे, विशिष्ट अतिथि एड. वीनू राणा, खेल अधिकारी प्रदीप अभिद्रा, राजेन्द्र यादव, संजय दादर,सोहिल खान रहे. प्रतियोगिता में ओवर आल चैंपियन आर्मी पब्लिक स्कूल रहा, वहीं दूसरे स्थान पर खेल परिसर की टीम और तीसरे स्थान पर दीपक मेमोरियल अकादमी रही.कूडो संघ के अध्यक्ष डॉ मोहम्मद ऐजाज खान एवं मप्र कूडो संघ कोषाध्यक्ष नीरज यादव ने आभार व्यक्त किया. इस दौरान मेघा भोजक, युवराज पवार, दीक्षा सेन, नमन मिश्रा मौजूद थे. संचालन कूडो प्रशिक्षक शुभम राठौर ने किया.



### जयंती पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव का स्मरण

**बीना.** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में राजीव गांधी जयंती मनाई गई. पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जो योगदान दिया गया उसको याद किया गया. इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंदर यादव, खुशी लालअहिरवार, अशोक परिहार,चंद्रशेखर बबलू राज, मोतीलाल अहिरवार, सुखलाल बाबू, मनोज कैथोरिया, सुरेश तिवारी, हरि नारायण कुशवाहा, उमा महेंद्र नवैया, एड. कृष्णा केथोरिया,विमला अहिरवार, मोनू अहिरवार, सत्यपाल पटेल, सतीश तिवारी, सीपी तिवारी, विक्रांत गोलंदाज, भाव सिंह यादव उपस्थित थे. संचालन प्रमोद राय, आभार शिवानी बौद्ध ने माना.



### मोती महाराज मंदिर में पौधारोपण

**सागर.** सदर मुहाल नंबर 11 मोती महाराज मंदिर में सदर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के जयंती पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया. मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने की. संचालन आनंद हेला ने किया, आभार व्यक्त गंगाराम यादव ने किया. कार्यक्रम में प्रदीप गुप्ता, राहुल चौबे, जितेन्द्र चौधरी, फिरदौश कुरैशी, उत्तम तायड़े, वीरेंद्र महावते, नीलेश अहिरवार,सुनील तोमर, सन्ना भाईजान, धर्मेंद्र तोमर, दिनेश महावते, हेमराज बंसल आदि उपस्थित रहे.

### वैश्य महासम्मेलन के सदस्य को मातृशोक

**रहली.** जैन पंचायत सभा के सचिव वैश्य महासम्मेलन सदस्य सुशील डब्बू मलैया की माता श्रीमति सुधा 60 वर्ष धर्म पत्नि विजय मलैया का निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार सुरई घाट श्मशान पर किया गया.

# नशा मुक्त भारत अभियान आज से

नवभारत न्यूज

**सागर 20 अगस्त. डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 21 से 25 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा.**

इन आयोजनों को लेकर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई. बैठक में कुलपति प्रो. गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार मुख्य अतिथि होंगे. लता गणपति, संयुक्त सचिव, नशा निवारण सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, आईजी हिमानी खन्ना विशिष्ट अतिथि होंगी. अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं यूरोपियन भाषा विभाग के नवनिर्मित सरोजिनी नायडू भवन का लोकार्पण भी होगा. इस अवसर पर अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर केंद्रित पुस्तकों का विमोचन भी किया जाएगा. सांस्कृतिक परिषद् द्वारा नशा मुक्त अभियान पर आधारित जिंगल, आकेस्ट्रा की प्रस्तुति दी जाएगी. कार्यक्रम की नोडल अधिकारी प्रो. चंदा बेन एवं प्रो. डीके नेमा ने बताया कि विवि में पांच दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का प्रभावी ढंग से पालन और आयोजन किया जाना है.

# मालथौन में एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 20 अगस्त. मालथौन में माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन आचार्य श्री विद्यासागर ज्ञानपीठ विद्यालय में किया गया.**

प्रशिक्षण का शुभारंभ परिषद के संभाग समन्वयक दिनेश कुमार उमरैया एवं जिला समन्वयक के.के. मिश्रा के द्वारा किया गया. एबीएस शिक्षा एवं समाजोत्थान समिति के प्रबंधक आनंद जैन द्वारा सभी अतिथियो का स्वागत किया गया. ब्लॉक समन्वयक धर्म नाड़ीवाल द्वारा कार्यक्रम के बारे में प्रितिभागियों को समझाया. राघवेंद्र प्रजापति द्वारा उपस्थित सभी प्रतिभागियों को मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया गया. संभाग समन्वयक कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से आप पर्यावरण एवं जल दोनों का ही शुद्धता का संरक्षण कर सकते हैं.



प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुलदीप सेन, रामजी ठाकुर, धीरज जैन, सजल जैन, मनोज अहिरवार, धीरेंद्र सिसोदिया, प्रस्फुटन समिति सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए. प्रतिभागियों ने मिट्टी के गणेश घर में ही विसर्जन करने का संकल्प लिया.

## कुश्ती संघ के प्रदेश महासचिव आज आएंगे

**सागर.** भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रदेश महासचिव अर्जुन यादव, भेंट वार्ता 21 अगस्त गुरुवार, 12 बजे तिलकगंज में होगी. भेंट वार्ता में प्रदेश व राष्ट्र में भारतीय शैली कुश्ती को बढ़ाने की आगे की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा होगी. प्रदेश अध्यक्ष कपिल मलैया से मिली जानकारी के अनुसार श्री यादव के साथ प्रदेश पदाधिकारी सदस्य राकेश यादव, किशोरी खलीफा, प्रवीण पहलवान, नर्वद काछी आ रहे है. इस दौरान कौशला सोनी, विनय जैन, अभिषेक साहू, ज्ञानी पहलवान, इन्द्रपाल सिंह ठाकुर शामिल होंगे.

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधारोपण

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 20 अगस्त. प्रकृति संरक्षण की दिशा में दयाभाव समाज कल्याण समिति ने शासकीय महाविद्यालय में तीन सौ पौधे लगाए. दयाभाव समाज कल्याण समिति ने युवाओं के सहयोग से वृक्षाथोन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें पांच सौ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया.**

शासकीय महाविद्यालय एवं विद्यालयों के युवाओं ने हरियाली का संदेश देने के लिए पीठ पर पौधे लेकर तहसील ग्राउंड से शासकीय महाविद्यालय पिपरा तक एक किलोमीटर मैराथन दौड़े.



प्रत्येक युवा ने अपने-अपने पौधे एक साथ लगाकर प्रकृति को हराभरा रखने का संकल्प लिया. वृक्षाथोन 2025 नाम से आयोजित कार्यक्रम में आइडियल पब्लिक स्कूल एवं यीशु विद्या सदन के बच्चे सड़क के दोनों ओर कतार लगाकर मैराथन दौड़ में शामिल युवाओं का उत्साहवर्धन करते रहे. शाहगढ़ की दयाभाव समाज कल्याण समिति विगत डेढ़ साल से क्षेत्र में सक्रियता से मानव सेवा एवं जीव सेवा के कार्य कर रही है. दस दौरान समिति सदस्य अक्षय जैन, टिंकल सेठ ने दादा-दादी नाथूराम शांतिबाई की स्मृति में उपवन का निर्माण कराया, वहीं अन्य सहयोग में प्रसिद्ध प्रतिष्ठानों का योगदान रहा.

## बैठक आज

**सागर.** मनोरमा कालोनी घनश्याम शाडिल्य के मकान के सामने स्थित दुर्गा मंदिर प्रागंण में 21 अगस्त को शाम 4:30 बजे इससे लगे आसपास के क्षेत्रों में निवासरत पेंशनर्स एकत्रित होकर बैठक करेंगे. जिसमें पेंशनरों की मौजूदा समस्याएं तथा भविष्य में केन्द्र एवं राज्य सरकारों की ओर से संभावित पैदा की गई. समस्याओं पर चर्चा कर उनसे प्रभावी ढंग से निपटने की रणनीति बनाएगें. इस क्षेत्रीय बैठक का दायित्व जी.पी. पाण्डेय ने लिया है. जिसमें क्षेत्रीय पेंशनरों के साथ-साथ जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी सदस्यगण शामिल होगें.

# रासेयो ने मानव श्रृंखला बनाई



नवभारत न्यूज

**सागर 20 अगस्त. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मानव श्रृंखला बनाकर सद्भावना दिवस मनाया गया.**

प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय एकता शांति सहानुभूति सांप्रदायिक सद्भावना को बढावा देने दें तथा मानव एवं पर्यावरण के प्रति सहानुभूति रखें. प्रभारी डॉ. सरिता जैन ने कहा सामाजिक सद्भावना का माहौल ही समाज को तरक्की के रास्ते पर अग्रसर करता है. इस कार्यक्रम में वैशाली जाटव, निशा अहिरवार, शिवानी कोरी, अंकिता पटेल, भूमिका अहिरवार आदि शामिल रहीं.

# मोतीनगर से मकरोनिया तक फ्लाई ओवर की डीपीआर बनेगी



नवभारत न्यूज

**सागर 20 अगस्त. सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने संसद परिसर में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट की.**

बैठक में सांसद डॉ. वानखेड़े ने ट्रैफिक समस्या पर प्रेज़ेंटेशन दिया और शहर के प्रमुख मार्गों मोतीनगर, भगवानगंज, स्टेशन रोड, सिविल लाइन्स, मकरोनिया स्क्वायर से होते हुए आरओव्ही-30 को राष्ट्रीय राजमार्ग 146 भोपाल रोड से जोड़ने की मांग रखी. मंत्री श्री गडकरी ने सांसद की मांग को सकारात्मक रूप से स्वीकारते हुए अधिकारियों को इस परियोजना का डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए. लगभग 3500 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में कई फ्लाईओवर भी बनेंगे. इस दौरान सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन भी उपस्थित थे.

## ओबीसी समाज को हक दिलाने संकल्पित सरकार

**सागर.** ओबीसी वर्ग के आरक्षण



को लेकर लंबे समय से चल रही बहस और कानूनी प्रक्रिया अब निर्णायक दौर में पहुँचती दिख रही है. सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस मामले को टॉप ऑफ द बोर्ड श्रेणी में रखते हुए 23 सितंबर से प्रतिदिन सुनवाई करने का फैसला लिया गया है. भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुमित यादव ने कहा कि अब 27 प्रतिशत आरक्षण की राह और अधिक स्पष्ट होती नजर आ रही है. उन्होंने बताया कि यह फैसला मप्र सरकार के लगातार प्रयासों और मजबूत पक्ष रखने के कारण संभव हो पाया है. सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की दलीलों को महत्व देते हुए इसे प्राथमिकता श्रेणी में रखा है.

# वसुधैव कुटुंबकम पर व्याख्यान का आयोजन



नवभारत न्यूज

**रहली 20 अगस्त. शासकीय पीजी कॉलेज में वसुधैव कुटुंबकम पर व्याख्यान का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रानी अवंती बाई लोधी विवि की सहायक प्राध्यापक डॉ रुचि राठौर ने छात्रों को एक पृथ्वी, एक परिवार के भाव को आत्मसात करने की प्रेरणा दिया. अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ प्रवीण श्रीवास्तव ने लिंग, धर्म, जाति बोली भाषा, खान-पान, व्यवसाय आदि सभी बंधनों से मुक्त आचरण को व्यवहार में लाने पर बल दिया. कार्यक्रम में श्रीमती सुषमा चौरसिया, डॉ स्वपना सर्राफ, श्रीमती नेहा जैन, पूजा गुप्ता,मेघा श्रीवास्तव, शुभ्रा अवस्थी आदि सदस्य एवं छात्र-छात्राएं सहभागी रहे.

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ पवन कुमार शर्मा ने व्यक्त किया.

## गुरु चरण चिन्ह भेंट

**रहली.** निर्यापक श्रेष्ठ मुनिश्री अभय सागर के चल रहे वर्षायोग में चातुर्मास कलश स्थापना करने वालों को समिति द्वारा गुरु चरणों की अनुपम भेंट दी जा रही है. चातुर्मास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र पटना ने बताया कि मुनिश्री अभय सागर का सासंघ यह चातुर्मास परम पूज्यनीय गुरु विद्यासागर जी महामुनिराज के चरणों में समर्पित है. परम उपकारी आचार्य श्री विद्यासागर के द्वारा संस्थापित कराये गये अविस्मरणीय प्रकल्पों के प्रत्यक्ष परिणामों से उनके प्रति जन-जन में उत्पन्न हुए श्रद्धा भाव को देखकर घर घर गुरु चरण चिन्ह पहुंचाने का संकल्प लिया गया है.

**उपलब्धि** — चंदेरी के रास्ते पिपरई एवं ललितपुर को जोड़ने वाली 80 किमी रेल लाइन का फाइनल लोकेशन सर्वे

# राशि की स्वीकृति मिलते ही चंदेरी रेल लाइन पर निर्माण कार्य होगा शुरू

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 20 अगस्त. चंदेरी के रास्ते पिपरई गांव एवं ललितपुर को जोड़ने वाली 80 किलोमीटर रेल लाइन जिसके फाइनल लोकेशन सर्वे का ऑर्डर रेल बोर्ड रेल मंत्रालय द्वारा जारी किया गया था.**



जिसकी जिम्मेदारी पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर के महाप्रबंधक को दी गई थी. इसके पश्चात टेंडर प्रक्रिया आदि संपन्न होने के बाद फाइनल लोकेशन सर्वे के लिए रेल बोर्ड रेल मंत्रालय द्वारा स्थापित निर्माण नियमावली के अनुरूप सेंट्रल लाइन पिलर्स की स्थापना संपूर्ण रेल लाइन मार्ग पर ललितपुर से पिपरई के बीच की जा रही है. यह सेंट्रल लाइन पिलर चंदेरी के निकट ग्राम निदानपुर, चकराघाट, तगारी, बांकलपुर, देवलखो, चुरारी आदि स्थानों पर लगा दिए गए हैं और इसकी प्रक्रिया चल रही है, जो निकट भविष्य में संपूर्ण रेल लाइन मार्ग पर लग जाएंगे. इसके पश्चात डीपीआर तैयार होगी और रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय में प्रस्तुत की जाएगी. केंद्रीय कैबिनेट के द्वारा निर्माण राशि की स्वीकृति मिलते ही चंदेरी रेल लाइन पर निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा और वर्षों से प्रतीक्षा कर रहे इस क्षेत्र को एक नई रेलवे लाइन की सौगात मिल जाएगी तथा सभी क्षेत्र के जनमानस का सपना साकार हो जाएगा. चंदेरी के उमेश पुरोहित जिन्होंने इस रेलवे लाइन का सपना 1977 में देखा था, 48 साल बाद उनका सपना वे साकार होते देख रहे हैं. श्री पुरोहित के साथ डॉ योगेश मिश्रा, मुजफ्फर अंसारी उर्फ कल्ले भाई निर्मल विश्वकर्मा, सगीर मोहम्मद कुरैशी तथा कल्याण अहिरवार ने ग्राउंड जीरो पर जाकर सभी सेंट्रल लाइन पिलर्स को आंखों से देखा.

## ज्ञापन सौंपा

**ललितपुर.** आजाद समाज पार्टी की जिला इकाई ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि वर्ष 2022 से लेकर अब तक नगर क्षेत्र में डा. भीमराव अंबेडकर की नई प्रतिमा स्थापित न हो पाने के कारण समाज में आक्रोश है. ज्ञापन में कहा गया कि पूर्व में नगर क्षेत्र में लगी प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, जिसके बाद नई प्रतिमा की स्थापना हेतु कई बार मांग उठाई गई, लेकिन अब तक ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी. पार्टी नेताओं ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि 2023-2025 में हुई बैठकों और आदेशों के बावजूद प्रशासन ने गंभीरता नहीं दिखाई.